बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में बिहार के मुजफ्फरपुर में सलमान खान व करण जौहर सहित 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दाखिल

263-48 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पूर्वी चंपारण के सत्तरघाट उच्चस्तरीय आरसीसी पुल का उद्घाटन किया मुख्यमंत्री ने, यह परियोजना राम जानकी मार्ग का एक पथांश है

विधानसभा का चुनाव को लेकर राजनीतिक उथल-पुथल शुरू, राजद कार्यलय में आयोजित मिलन समारोह में जदयू के कई नेता तेजस्वी की मौजूदगी में राजद का थामे दामन

लद्दाख में सीमा रेखा (एलएसी) पर हिंसक झड़प, भारत के 20 जवान शहीद, वहीं चीन के 43 सैनिक हताहत

युवराज
NEWS TODAY Update
न्यूज़ टुडे
आपकी आवाज़
RNI:- BIHHIN05409
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक
www.newstodayupdate.in

वर्ष : 06 अंक : 10+17 तिथि : 17 जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अस्थाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

# न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में बिहार के मुजफ्फरपुर में सलमान खान व करण जौहर सहित 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दाखिल



न्यूज़ टुडे खोज खबर

डा. राजेश अस्थाना,




बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में बिहार के मुजफ्फरपुर में वकील सुधीर कुमार ओझा ने सलमान खान व करण जौहर सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दाखिल किया है। यह मामला भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 306, 109, 504 और 506 के तहत दर्ज कराया गया है। कोर्ट ने इसकी सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तारीख तय की है। मुकदमे के अन्य आरोपितों में बॉलीवुड की हस्तियां आदित्य चोपड़ा, शाजिद नाडियावाला,संजय लीला भंसाली, एकता कपूर, दिनेश विजया, टी–सीरीज के भूषण कुमार भी शामिल हैं।

विदित हो कि सुशांत सिंह राजपूत ने रविवार को मुंबई स्थित अपने फ्लैट में सुसाइड कर लिया था। इस मामले में बॉलीवुड स्टार सलमान खान सहित उक्त लोगों पर प्रताड़ना सहित अन्य आरोप लगाए जा रहे हैं। सुशांत के पिता ने इस मामले की सीबीआइ जांच की मांग की है तो पटना में उनके आक्रोशित फैन सलमान खान व करन जौहर आदि की फिल्मों के बहिष्कार की बात कर रहे हैं। इस बीच मुजफ्फरपुर में यह मुकदमा दाखिल किया गया है।

## लद्दाख में सीमा रेखा (एलएसी) पर हिंसक झड़प, भारत के 20 जवान शहीद, वहीं चीन के 43 सैनिक हताहत

पड़ताल



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में चीन के साथ हिंसक झड़प में भारत के कम से कम 20 जवान शहीद हो गए हैं, जबकि चीन को भी भारी नुकसान हुआ है. भारतीय सेना ने चीन के जवानों को करारा जवाब दिया. भारतीय सेना के जवाबी हमने में 43 सैनिक हताहत हुए. इसमें कई सैनिकों की मौत हो गई कई चीनी सैनिक घायल हुए. इन्हें चीनी हैलिकॉप्टर अपनी सीमा में उठाकर ले गए. सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी. सेना ने बयान में कहा कि जान गंवाने वाले 20 में से 17 सैनिक गतिरोध वाले स्थान पर, शून्य से नीचे तापमान में ड्यूटी के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे.

विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इस घटना के बाद से ही सीमा रेखा (एलएसी) पर चीनी हेलिकॉप्टर गतिविधि में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है. बताया जा रहा है कि ये हेलिकॉप्टर, गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों के साथ हुई हिंसक झड़प में मारे गये चीनी सैनिकों को लेने के लिए आ रहे हैं.

विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, सीमा रेखा (एलएसी) के पास चीनी हेलिकॉप्टरों का आना जाना बढ़ गया है. गलवान घाटी में भारत के साथ हुई हिंसक झड़प में भारी संख्या में चीनी सिपाही भी हताहत हुए हैं और हेलिकॉप्टरों की मदद से उन्हें ले जाया जा रहा है.

> पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में चीन के साथ हिंसक झड़प में भारत के कम से कम 20 जवान शहीद हो गए हैंदृ जबकि चीन को भी भारी नुकसान हुआ है. भारतीय सेना ने चीन के जवानों को करारा जवाब दिया. भारतीय सेना के जवाबी हमने में 43 सैनिक हताहत हुए. एलएसी के पास चीनी हेलिकॉप्टरों का आना जाना बढ़ गया है.

### हिंसक झड़प पर संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत–चीन तनातनी पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा है, 'हम वास्तविक सीमा रेखा पर हुई हिंसा और मौतों की रिपोर्ट को लेकर चिंतित हैं. हम दोनों ही पक्षों से अधिकतम संयम बरतने की गुजारिश करते हैं.'

इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पूर्व में शीर्ष स्तर पर जो सहमति बनी थी, अगर चीनी पक्ष ने गंभीरता से उसका पालन किया होता तो दोनों पक्षों की ओर जो हताहत हुए हैं उससे बचा जा सकता था. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा, 'सीमा प्रबंधन पर जिम्मेदाराना दृष्टिकोण जाहिर करते हुए भारत का स्पष्ट तौर पर मानना है कि हमारी सारी गतिविधियां हमेशा एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) के भारतीय हिस्से की तरफ हुई हैं. हम चीन से भी ऐसी ही उम्मीद करते हैं.'

अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि भारत और चीन के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर बातचीत जारी है. तनाव को कम करने की कोशिश की जा रही है. भारत और चीन के सीनियर कमांडरों के बीच 6 जून को बैठक हुई थी. इसके बाद ग्राउंड स्तर के कमांडरों के बीच कई बैठकें हुईं. उन्होंने कहा कि इन सब बातचीत के बीच हमें उम्मीद थी कि सब अच्छा होगा.

## 263-48 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पूर्वी चंपारण के सत्तरघाट उच्चस्तरीय आरसीसी पुल का उद्घाटन किया मुख्यमंत्री ने, यह परियोजना राम जानकी मार्ग का एक पथांश है

उपलब्धि



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पूर्वी चंपारण के सत्तरघाट पुल का उद्घाटन किया। इसकी मांग वर्षों से क्षेत्र के लोग कर रहे थे। पुल बन जाने से गोपालगंज से आवागमन में सुविधा होगी। अभी लोगों को काफी दूरी तय करनी पड़ती है। मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री विनोद नारायण झा, कला संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार, जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक व अन्य मौजूद रहे। जिले के केसरिया प्रखंड अंतर्गत गंडक नदी के सत्तरघाट पर नवनिर्मित उच्चस्तरीय आरसीसी पुल पर 263.48 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। पुल की लंबाई 1440 मीटर है।

### पूर्वी चंपारण का केसरिया और गोपालगंज का बैकुंठपुर प्रखंड जुड़ा

यहां बता दें कि इस पुल की ऐतिहासिक महत्ता भी है। विश्व का सबसे बड़ा बौद्ध स्तूप पुल के एक छोर पर केसरिया में अवस्थित है। महात्मा बुद्ध के कदमों के साक्ष्य केसरिया की पावन धरती पर रही है। यह पुल मुख्य रुप से पूर्वी चम्पारण के केसरिया प्रखंड और गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर प्रखंड को जोड़ता है। गंडक दियारा के नाम से प्रसिद्ध इस इलाके में जलीय खेती जैसे तरबूज, ककरी, परवल, खीरा आदि को भी बेहतर बाजार मिलेंगे। यह परियोजना राम जानकी मार्ग का एक पथांश है। जो राम जानकी मार्ग अयोध्या से जनकपुर तक प्रस्तावित है। इस पुल में 24 स्पेन तथा इसका निर्माण वशिष्ठा कंस्ट्रक्शन कंपनी ने किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा इस ऐतिहासिक पुल के उद्घाटन के मौके पर राज्य के पीएचइडी एवं जिले के प्रभारी मंत्री विनोद नारायण झा, कला संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार, जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, पुलिस अधीक्षक नवीन चंद्र झा,विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह, एमएलसी बबलू गुप्ता, सतीश कुमार, शालिनी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## विधानसभा का चुनाव को लेकर राजनीतिक उथल-पुथल शुरू, राजद कार्यलय में आयोजित मिलन समारोह में जदयू के कई नेता तेजस्वी की मौजूदगी में राजद का थामे दामन



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

सियासी गहमा-गहमी




बिहार में साल के अंत तक विधानसभा का चुनाव संभावित है। इसको लेकर राजनीतिक उथल–पुथल मचना शुरू हो गया है। बहुत सारे नेता उपयुक्त समय देखकर दल बदलेंगे। हालांकि इसकी शुरुआत हो गई हो।

दरअसल, मंगलवार को राजद कार्यलय में मिलन समारोह आयोजित किया गया था। इस मिलन समारोह में जदयू के कई नेता तेजस्वी की मौजूदगी में राजद का दामन थामे हैं। इसमें जदयू के पूर्व एमएलसी जावेद इकबाल अंसारी, जदयू के पूर्व विधायक रामनरेश सिंह की बेटी शगुन सिंह और पूर्व एडीजी अशोक गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण किए।

कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि जदयू नेता कहते हैं कि राजद में टूट होने वाली है। लेकिन, हम उनको बता देना चाहते हैं कि आने वाले समय में जदयू में भगदड़ मचने वाली है।

भगदड़ इसलिए मचेगी क्योंकि नीतीश कुमार के काम से बहुत सारे जदयू के नेता खुश नहीं हैं।

वहीं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री वृषण पटेल ने कहा कि लालू यादव की कमी को तेजस्वी यादव ही पूरा करेंगे। बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने तो लोगों को ठगने का काम किया है। बिहार का अगला मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व मंत्री अब्दुलबारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांति सिंह समेत कई नेता मौजूद रहे।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# सुशांत सिंह राजपूत के फैंस ने किया सुसाइड, मौत की खबर से 10वीं का स्टूडेंट था सदमा में



सम्राट, संवाददाता




बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के एक फैंस ने फांसी लगाकर सुसाइड कर ली. वह सुशांत की मौत की खबर से सदमे में था. वह बार–बार कहता था कि सुशांत मर नहीं सकते हैं. यह घटना नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव की है.

### सुसाइड से पहले देखी फिल्म

सुसाइड से पहले स्टूडेंट ने सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म एमएस धोनी अनटोल्ड स्टोरी रात में देखा था.आज सुबह वह अपने निर्माणाधीन मकान के कमरे में गया और वहां कमरे का दरवाजा बंद कर रस्सी के सहारे फंदे से झूल गया. काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन वहां गए और दरवाजा खटखटाया पर दरवाजा नहीं खुला तो किसी अनोहनी की आशंका से दरवाजा तोड़े तो कमरे का नजारा देख दंग रह गए. इसके बाद चीख पुकार मच गयी. घटना की जानकारी मिलते ही चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए बिहार सदर अस्पताल लायी. थानाध्यक्ष रितु राज कुमार ने बताया कि यूडी केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है. उन्होंने बताया कि छात्र सुशांत सिंह की मौत से डिप्रेशन में चल रहा था.

### बार-बार कहता था फांसी लगाने से मौत नहीं हो सकती

परिजनों ने बताया कि सुशांत सिंह राजपूत की सुसाइड की खबर के बाद वह परेशान था. बार–बार मां और पिता से कहता था कि क्या कोई फांसी लगाने से मर सकता है. यही बात वह अपने दोस्तों से भी करता था कि हमेशा मुस्कुराते रहने वाला व्यक्ति फांसी लगा सकता है, क्या कोई फांसी लगा लेने से कोई मर जाता है इन्हीं चंद सवालों के बीच वह अकेला और तन्हा रह रहा था.

# बिहार के कद्दावर नेता और लालू के संकटमोचक कहे जाने वाले रघुवंश प्रसाद सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ी, एम्स के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,




बिहार के कद्दावर नेता और लालू के संकटमोचक कहे जाने वाले रघुवंश प्रसाद सिंह की तबीयत मंगलवार को अचानक बिगड़ गई. इसके बाद उन्हें पटना के एम्स में भर्ती कराया गया. मंगलवार शाम को तकरीबन 5 बजे रघुवंश प्रसाद सिंह को एम्स लाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल एडमिट कर लिया. रघुवंश प्रसाद सिंह के करीबी लोगों के मुताबिक उन्हें एम्स के आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है.

रघुवंश प्रसाद सिंह के एक बेहद करीबी व्यक्ति ने बताया कि पिछले 2 दिनों से वह बुखार से पीड़ित थे. उन्हें 99 से 100 डिग्री तक बुखार चढ़–उतर रहा था. पिछले 2 दिनों से स्थानीय डॉक्टरों की सलाह पर रघुवंश प्रसाद सिंह बुखार कम करने के लिए पैरासिटामोल की टेबलेट ले रहे थे. मंगलवार सुबह भी उन्हें 99 डिग्री बुखार था. इसके बाद जब रघुवंश प्रसाद सिंह ने एम्स में मेडिसिन के एचओडी डॉ रवि कीर्ति से बात की तो उन्होंने पटना आने की सलाह दी. उसके बाद शाम पांच बजे जब रघुवंश प्रसाद सिंह अपने गांव से पटना एम्स पहुंचे तो कुछ शुरुआती जांच के बाद उन्हें आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया.

हालत में सुधार

रघुवंश प्रसाद के करीबी बताते हैं कि एम्स में इलाज शुरू होने के बाद उन्हें दुबारा बुखार नहीं आया है और उनकी हालत अब सामान्य है. एम्स में मेडिसिन के एचओडी डॉ रवि कीर्ति की देखरेख में ही रघुवंश प्रसाद सिंह का इलाज चल रहा है. वहीं, रघुवंश प्रसाद की बीमारी की खबर से आरजेडी में हलचल मच गई है. रघुवंश प्रसाद सिंह की पहचान केवल पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के तौर पर नहीं मच गई. कार्यकर्ता से लेकर पार्टी के शीर्ष पर बैठे नेता भी लगातार एम्स के, बल्कि लालू परिवार के संकटमोचक के तौर पर भी होती है. ऐसे में उनकी बीमारी की खबर लगते ही पूरी पार्टी में हलचल डॉक्टरों के संपर्क में हैं.




# बॉलीवुड एक्टर सुशांत के चाहने वालों ने, सलमान खान और करण जौहर का फूंका पुतला, सीबीआई जांच की मांग की



रिंकू गिरी,
संवाददाता




बॉलीवुड के सुपरस्टार सुशांत सिंह राजपूत के सुसाइड का मामला अब तूल पकड़ते जा रहा है. सुशांत के आत्महत्या से आक्रोशित उनके फैंस और चाहने वालों ने आज पटना की सड़कों पर प्रदर्शन करते हुए दिखे।

आपको बताते चलें कि आक्रोशित फैंस ने बॉलीवुड स्टार कहे जाने वाले सलमान खान, शाहरुख खान और करण जौहर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. सुशांत के सपोर्टर्स ने आत्महत्या मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग भी की है।

बॉलीवुड एक्टर सुशांत के चाहने वालों ने, सलमान खान और करण जौहर का फूंका पुतला, सीबीआई जांच की मांग की है इस दौरान पटना में युवाओं ने इनकम टैक्स गोलंबर पर सलमान खान और करण जौहर का पुतला जलाकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे इन युवाओं का आरोप था कि बॉलीवुड में जो नए लोग जाते है ज्यादातर छोटे शहरों से जो लोग जाते हैं उनके साथ बॉलीवुड में ज्यादती की जाती है. प्रदर्शन कर रहे युवाओं का कहना था कि सुशांत जैसे स्टार्स को इंडस्ट्री में टिकने नहीं दिया जा रहा है क्योंकि वो किसी स्टार के पुत्र नहीं हैं. फिलहाल इस मामले को लेकर देशभर के युवाओं में गुस्सा है इसलिए सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव की तैयारी में लग जाने को कहा



सुनील चौधरी,
संवाददाता,




आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मोतिहारी के बंजरिया प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक बंजरिया स्थित एक निजी होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रक्सौल मंडल अध्यक्ष वरुण सिंह ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए बेतिया सांसद सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा संजय जायसवाल ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव की तैयारी में लग जाने को कहा। कार्यकर्ताओ में मत भिन्नता को लेकर उन्होंने सभी बातों को भुलाकर एकजुट होकर चुनाव की तैयारी में लग जाने की अपील की।

वही नरकटिया विधानसभा प्रभारी सह विधान पार्षद राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने की बात कही। बैठक में अन्य बातों के अलावा मोदी सरकार– 2 के कार्यो को प्रधानमंत्री के पत्र के माध्यम से जन –जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा चुनाव की तैयारी हेतु जनसंपर्क अभियान को तेज करने की बात कही गई।

मौके पर शैलेन्द्र मिश्रा, गणेश यादव, संतोष सिंह, ललन कुमार, अनिल जोशी, सोनू मुखिया, अखिलेश गुप्ता, सुरेश यादव, दीपक कुमार सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शंकर शर्राफ, पप्पू गुप्ता, राजू गुप्ता, डा. पीपी रंजन, दीनदयाल आर्य, वीरदेव महतो, तेरस राम, रामप्रवेश चौरसिया, शैलेन्द्र यादव, दीपक गुप्ता, सोनू पाठक आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।




युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी । निर्माता:9471005272










# पुलिस बल की मौजूदगी में सैकड़ों लोगों के सामने नरकटिया पैक्स गोदाम का ताला खुलवाया गया



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




मोतिहारी के छौड़ादानो प्रखंड में बीडीओ अनुपम कुमारी द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी बीएओ हरेंद्र राज मेहरा ने मंगलवार को पुलिस बल की मौजूदगी में सैकड़ों लोगों के सामने नरकटिया पैक्स गोदाम का ताला खुलवाया।

गौरतलब है कि वर्तमान पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार ने पूर्व अध्यक्ष विशाल कुमार गुप्ता द्वारा समिति का प्रभार नही देने के कारण पैक्स का कार्य बाधित होने का आरोप लगाते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवेदन देकर समिति का प्रभार दिलाने का निवेदन किया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा पूर्व पैक्स अध्यक्ष को कई बार नोटिस भेजा गया।

किसी भी नोटिस का कोई जवाब नही मिलने पर डीसीओ ने अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल को पत्र प्रेषित कर अपने स्तर से दंडाधिकारी नियुक्त कर पैक्स गोदाम का ताला खुलवाने तथा वर्तमान अध्यक्ष को समिति का प्रभार दिलाने का अनुरोध किया था।

एसडीओ आरती कुमारी के निर्देश पर बीडीओ अनुपम कुमारी ने बीएओ हरेंद्र राज मेहरा को दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त कर समिति का प्रभार नये अध्यक्ष को दिलाने तथा गोदाम का ताला खुलवाने का जिम्मा सौंपा था। दंडाधिकारी के समक्ष उपस्थित न होकर पूर्व अध्यक्ष द्वारा पटना होने की बात बताए जाने पर मौके पर मौजूद बीडीओ ने स्वयं पहल कर दोनों पक्षों के बीच सामंजस्य स्थापित किया तथा पूर्व पैक्स सचिव विक्की कुमार द्वारा गोदाम का ताला खुलवा कर वर्तमान अध्यक्ष को ताले की चाभी सौंप दी।

वहीं गोदाम में रह रहे दो महादलित परिवारों को गोदाम खाली करने का अल्टीमेटम दे दिया गया। पूछे जाने पर बीडीओ ने कहा कि,स्थानीय मुखिया से बात कर इन परिवारों के रहने की व्यवस्था की जाएगी। सूची में नाम होने पर इन्हें आवास का लाभ दिया जाएगा। साथ ही प्रभार को लेकर बीडीओ ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष के वापस आने पर उन्हे प्रखंड मुख्यालय बुलाकर नये अध्यक्ष को प्रभार दिलवा दिया जाएगा। मौके पर दरपा थाना के एएसआइ उमेश पाठक तथा विपीन राउत पुलिस बल के साथ मौजूद थे।




Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830